वार्षिक रिपोर्ट

2003-2004

सत्यमेव जयते

रसायन और पेट्रोरसायन विभाग
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

विषय–सूची

I. प्रस्तावना *1*

II. उद्योगों का कार्य–निष्पादन *2*

क. औषध और भेषज उद्योग *2*

ख. रसायन, पेस्टिसाइड्स एवं संबद्ध उद्योग *6*

ग. पेट्रोरसायन उद्योग *9*

घ. रसायन उद्योग – विकास रणनीति *12*

III. भोपाल गैस रिसाव त्रासदी *13*

IV. सार्वजनिक क्षेत्र का कार्य–निष्पादन *16*

क. औषध और भेषज उपक्रम *16*

ख. रसायन, पेस्टिसाइड्स उपक्रम *24*

ग. पेट्रोरसायन उपक्रम *28*

V. संस्थान *29*

क. इंस्टीच्यूट ऑफ पेस्टिसाइड फार्मुलेशन टेक्नोलॉजी *29*

ख. सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी *30*

ग. नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च *32*

VI. सामान्य *34*

अनुबंध *44*

I. रसायन और पेट्रोरसायन विभाग को आबंटित विषयों की सूची *44*

II. औषध और भेषज उत्पादन *45*

III. प्रमुख रसायन (क्षमता और उत्पादन) *51*

IV. प्रमुख पेट्रोरसायन (वास्तविक, अनुमानित और प्रत्याशित) *55*

V. रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संबद्ध कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्रीय उपक्रमों और अन्य संगठनों की सूची *57*

VI. नियंत्रक और महा–लेखापरीक्षक के कार्यालय द्वारा की गई लेखापरीक्षा टिप्पणी का सारांश *58*

I: प्रस्तावना

रसायन और पेट्रोरसायन विभाग 5-7-1991 से रसायन और उर्वरक मंत्रालय का अंग रहा है। इस विभाग को रसायन, पेट्रोरसायन और भेषज उद्योगों की नीति, आयोजना, विकास और विनियमन का दायित्व सौंपा गया है। इस विभाग को आबंटित कार्यों की सूची अनुबंध-I पर दी गयी है।

श्री सुखदेव सिंह ढींढसा 7.11.2000 से रसायन और उर्वरक मंत्री का कार्यभार संभाले हुए हैं।

श्री छत्रपाल सिंह ने 29-1-2003 को श्री तपन सिकदर के स्थान पर रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री का कार्यभार संभाला।

श्री प्रत्युष सिन्हा ने 3.2.2004 को विभाग में सचिव का कार्यभार संभाला।

II: उद्योगों का कार्य-निष्पादन

क. भेषज उद्योग

भारतीय भेषज उद्योग, जो अब 4 बिलियन अमरीकी डालर का उद्योग है, ने आधरभूत संरचना के विकास, तकनीकी आधार तथा उत्पादों के व्यापक प्रसार में जबर्दस्त प्रगति दिखाई है। उद्योग सभी बड़े चिकित्सीय समूहों से संबंधित जटिल विनिर्माण प्रक्रिया वाले प्रपुंज औषधों का उत्पादन करता है तथा भिन्न-भिन्न खुराक रूपों के उत्पादन के लिए इसने शानदार जी एम पी परामर्शदात्र ी सुविधाएं भी विकसित कर ली हैं। अल्पतम सम्भव समय के भीतर ड्रग इंटरमीडियेट्स और बल्क एक्टिव्स के लिए, गुणवत्ता से समझौता किए बगैर, लागत प्रभावी तकनीकों का विकास, उद्योग की ताकत है। यह राष्ट्र की ओरगेनिक सिंथेसिस और प्रोसेस इंजीनियरिंग की शक्ति के जरिए हो पाया। कम लागत पर एंटीरिट्रोवायरल्स के उत्पादक तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और खासकर जरूरतमंद अफ्रीकी बाजारों के आपूर्तिकर्ता के रूप में देश की ख्याति अब इतिहास का हिस्सा है।

2. कई भारतीय कंपनियां शुद्धता, स्थिरता और अन्तर्राष्ट्रीय एस एच इ आवश्यकताओं यथा सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा उत्पादन में पर्यावरण सुरक्षा में उच्चतम मानकों का पालन करती हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियों द्वारा उच्चतम गुणवत्ता का अनुपालन करने की बात पता चलती है क्योंकि इन बल्क एक्टिव्स की खरीदार कंपनियों द्वारा खुराक रूपों में प्रयोग होता है जो कि पुन: आयातकर्ता देशों में नियामक प्राधिकारों के कड़े मूल्यांकन से गुजरता है। बहुत सी भारतीय कंपनियां अब अमेरिका में विशिष्टीकृत क्षेत्र ों यथा एंटीइनफेक्टिव्स, कार्डियोवैस्कुलर्स, सी एन एस समूह में नियामक स्वीकृतियां चाह रही हैं। ब्राजील और जनवादी गणतंत्र चीन के साथ भारत ने उत्कृष्ट जेनेरिक फार्मा प्लेयर के रूप में अपना खास मुकाम बना लिया है।

3. भेषज उद्योग में परिष्कृत तकनीकी तथा कड़े जी एम पी मानकों के होने तथा भारतीय भेषज निर्यात का बड़ा भाग अति विकसित पश्चिमी राष्ट्रों को जाने से भारतीय भेषजों की शानदार गुणवत्ता तथा मूल्यों की तर्कसंगतता का पता चलता है। अधिकतर भारतीय कंपनियां डब्ल्यू एच ओ जी एम पी हासिल करने के अलावा अन्तर्राष्ट्रीय नियामक एजेंसियों यथा यू एस एफ डी ए, एम सी ए यू के, टी जी ए आस्ट्रेलिया एम सी सी दक्षिण अफ्रीका से प्लांट स्वीकृतियां भी प्राप्त कर रही हैं।

1.0 उत्पादन

1.1 2002-03 के दौरान संयुक्त उद्यम सहित, प्राद्योगिकी अंतरण, विदेशी निवेश, नए उपक्रमों की स्थापना / विद्यमान इकाइयों के विस्तार (विद्यमान इकाइयों में नई वस्तुओं के निर्माण) आदि के प्रस्ताव प्राप्त होते रहे और उन पर कार्रवाई की जाती रही। भेषज उद्योग के लाइसेंस मुक्त होने के पश्चात विभिन्न प्रपुंज औषधों/औषध मध्यवर्तियों/सूत्रायोगों के विनिर्माण के लिए अनेक आई ई एम प्राप्त हुए। आई ई एम में सम्मिलित प्रमुख मदों में विभिन्न प्रपुंज औषध, रक्त वाहिनी शिराओं के लिए तरल (इन्ट्रावेनस फ्ल्यूड्स) सूत्र योग आदि शामिल हैं।

2.0 निर्यात

2.1 पिछले चार वर्षों के दौरान औषधों, भेषजों और फाइन रसायनों के निर्यात के ब्यौरे इस प्रकार हैं :-

(करोड़ रूपए में)

1999-2000	2000-2001	2001-2002	2002-2003 (अनंतिम)
7230.16	8757.47	9834.7	11925.4

निर्यात से उत्पादन दर 1999-2000 में 15.57% और 2000-2001 में 20.73% और 2001-2002 में 11.13% और 2002-2003 में 21.2% (अनंतिम) हो गई।

स्रोत: डायरेक्ट्रेट जनरल, कामर्शियल इंटेलिजेन्स एवं स्टैटेटिक्स (डीजीसीआईएस)

3.0 निर्यात संवर्द्धन सैल :

3.1 भेषज निर्यात को बढ़ाने और निर्यात से संबंधित प्रश्नों/मामलों के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य करने के लिए भेषज प्रभाग में एक निर्यात संवर्द्धन सैल कार्यरत है। सैल, प्रोत्साहन संबंधी कार्य भी करता है और उद्योग से आयात-निर्यात नीति में संशोधन के सुझावों पर विचार करता है। इस सैल को प्रमुख देशों के साथ मानकों और गुणवत्ता नियंत्राण पर कार्यशाला और सेमिनार आयोजित करने का कार्य भी सौंपा गया है जिससे कि स्वदेशी कम्पनियां अपने उत्पाद का निर्यात करने के लिए तैयार हो सकें। वर्ष के दौरान दक्षिण अफ्रीका, इन्डोनेशिया और बेलारूस के दौरे किए गए तथा फार्मा उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई थी और इन देशों को निर्यात बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। सेल में भारतीय निर्यातकों के लाभ के लिए कई देशों में भेषज उद्योग की स्थिति पर एक डाटाबेस उपलब्ध है।

4.0 आयात

4.1 डी जी सी आई एस से उपलब्ध जानकारी के अनुसार, गत तीन वर्षों में औषधों और भेषजों के आयात निम्नानुसार रहे हैं :-

वर्ष	**औषधों और भेषज उत्पादों का आयात (करोड़ रूपए में)**
2000-2001	1701.46
2001-2002	2026.58
2002-2003	2717.82 (अनंतिम)

स्रोत: डीजीसीआईएस

4.2 हाल के वर्षों में कमी की कोई सूचना नहीं है। जैसा कि बताया जा चुका है, अपने उपभोक्ताओं के लिए सूत्रायोग की आवश्यकता के मामले में देश लगभग आत्मनिर्भर है। यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकांश औषध और भेषज उत्पादों के लिए औद्योगिक लाइसेंस समाप्त कर दिया गया है। विनिर्माता, औषध नियंत्र ण प्राधिकरण द्वारा विधिवत अनुमोदित किसी भी औषध का उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र है।

4.3 औषधों और भेषजों के आयात के लिए वर्तमान एक्जिम नीति के अन्तर्गत प्रतिबंधित आयात सूची में शामिल कुछ को छोड़कर, जिसका आयात लाइसेंस के अन्तर्गत किया जाता है, शेष स्वतंत्र है। इन कदमों के मद्देनजर दवाइयों की कमी होने की संभावना नहीं है। आम प्रतिबंध नहीं होने के कारण विश्व के किसी भी भाग से आयात किया जा सकता है।

5.0 अनुसंधान और विकास

5.1 विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने औषध व भेषज सेक्टर में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए एक द्विस्तरीय ढांचा यथा सचिव स्तर पर सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अध्यक्षता में एक सर्वोच्च कार्यपालक समिति तथा प्रचालनात्मक स्तर पर एक विशेषज्ञ समिति मौजूद है।

5.2 अनुसंधान एवं विकास में विश्वव्यापी व्यवहार्यता लाने के लिए औषधियों के विकास के विशिष्ट क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च स्तरीय विशेषज्ञता और पर्याप्त मानव संसाधन अपेक्षित हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया था कि डी एस टी कार्यक्रम में, नई औषधि विकास परियोजनाओं के अतिरिक्त, नई औषधि के विकास के लिए आवश्यक सुविधाओं के सृजन को समर्थन दिया जाना चाहिए।

5.3 तद्नुसार तत्काल आवश्यक एवं सृजित की जाने वाली आवश्यक सुविधाओं अर्थात् (क) डी एच गायरेज स्क्रीनिंग सुविधा (ख) गुणवत्ता ढांचा गतिविधि संबंध (क्यू एस ए आर) सुविधा (ग) इम्युनोमॉडुलेटर्स मॉडलिंग और स्क्रीनिंग तथा (घ) फार्माकोलॉजिकल परीक्षण की पहचान की गई। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग में भेषज क्षेत्रा में आर एण्ड डी परियोजना और संबंधित अध्ययन के वित्त पोषण के लिए 2003-2004 में 25 लाख रूपए का बजट प्रावधान है।

5.4 विकास और अनुसंधान के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार ने कई नीतिगत पहल की हैं। भेषज सेक्टर में अनुसंधान व विकास इकाइयों को आर्थिक प्रोत्साहन तथा नये औषध मालिक्यूल्स, क्लिनिकल रिसर्च नये औषध डिलीवर सिस्टम से संबंधित कार्यप्रणाली को सरल बनाने जैसे उपायों से इस प्रक्रिया में प्रगति हो रही है और मूल औषध आविष्कार के क्षेत्र में शानदार मूलभूत ढांचे के साथ नई अनुसंधान व विकास स्थापनाएं आ रही हैं तथा प्रमुख औषध कंपनियों ने अपने एन सी इज को एम एन सीज का लाइसेंस दिया है। यह ज्ञात हुआ है कि एंटीइनफेक्टिव, एंटी कैंसर तथा जीवनशैली क्षेत्र में कुछ उत्पादों का अगले कुछ वर्षो में प्रयोगशाला परीक्षण किए जाने का अनुमान है। कुछ प्रमुख भारतीय औषध कंपनियों ने रिपोर्ट किए गए टर्नओवर के कुल 2% औसत अनुसंधान व विकास व्यय की तुलना में अपने व्यय को अनुसंधान व विकास में अपने टर्नओवर के 5% तक बढ़ा दिया है।

6.0 राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एन पी पी ए)

6.1 राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एन पी पी ए), विशेषज्ञों के एक स्वतंत्रा निकाय की स्थापना रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के अधीन 29.8.1997 को की गई थी। इस प्राधिकारण को मूल्य निर्धारण/संशोधन और अन्य संबंधित मामले जैसे मूल्य नियंत्रित और नियंत्राण मुक्त औषधों और सूत्रायोगों की कीमतों को मानीटर करने तथा औषध (मूल्य नियंत्राण) आदेश (डीपीसीओ), 1995 को लागू करने का कार्य सौंपा गया है।

6.2 राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के निम्नलिखित कार्य हैं :-

- इसको प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार औषध (मूल्य नियंत्राण) आदेश, 1995 के उपबंधों को लागू करना और कार्यान्वित करना।
- औषधों और सूत्रायोगों के मूल्य निर्धारण के संबंध में संगत अध्ययन करना/अथवा प्रायोजित करना।
- औषधों की उपलब्धता को मानीटर करना, कमी का पता लगाना, यदि कोई हो, और सुधारात्मक उपाय करना।
- प्रपुंज औषधों और सूत्रायोगों के लिए उत्पादन, निर्यात और आयात, अलग-अलग कंपनियों के मार्किट शेयर, लाभ देयता के आंकड़े एकत्रा करना और उनका रखरखाव।
- प्राधिकरण के निर्णयों से उत्पन्न होने वाले सभी कानूनी मामलों पर कार्रवाई करना।
- औषध नीति में परिवर्तन/संशोधन के संबंध में केन्द्रीय सरकार को परामर्श देना।
- औषध मूल्य निर्धारण से संबंधित संसदीय मामलों में केन्द्रीय सरकार को सहायता देना।

आरंभ से 31 अक्तूबर, 2003 तक कार्यनिष्पादन

6.3 राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एन पी पी ए) ने आरंभ से 135 मामलों में अनुसूचीबद्ध प्रपुंज औषधों जिसमें 48 व्युत्पाद और 2381 सूत्रायोग शामिल हैं, की कीमतों में संशोधन किया है। इनमें से 37 अनुसूचीबद्ध प्रपुंज औषधों तथा 15 व्यत्पादों और 330 सूत्र योगों के मूल्य 1 अप्रैल, 2003 से 31 अक्तूबर 2003 के बीच निर्धारित/संशोधित किए गए थे।

6.4 एन पी पी ए द्वारा चुनिंदा मानीटर्ड प्रपुंज औषधों के उत्पादन एवं आयात के संबंध में वार्षिक आंकड़ों का संकलन किया जाता है। वर्ष 2000-2001, 2001-2002 तथा 2002-2003 के संबंध में विवरण संकलित किया गया है (अनुबंध-II)

7.0 औषध मूल्य समकरण खाता

7.1 औषध (मूल्य नियंत्राण) आदेश, 1979 के प्रावधानों को लागू करने से उत्पन्न प्रत्येक औषध कंपनियों की देयता से संबंधित संपूर्ण मामलों की समीक्षा करने के लिए दो सदस्यों सहित दिल्ली उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक औषध मूल्य देयताएं समीक्षा समिति गठित की गई है। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग ने 72 महत्वपूर्ण मूल्यांकन मामलों को औषध मूल्य निर्धारण देयता समीक्षा समिति को प्रस्तुत किया है। समिति ने रसायन और पेट्रोरसायन विभाग को बकाया राशि वसूल करने के लिए आगे कार्रवाई करने हेतु 50 मामलों पर अपनी सिफारिशें भेज दी हैं। शेष सभी मामलों में संबंधित कंपनियों ने या तो उच्च न्यायालयों से अलग-अलग अन्तरिम स्थगन ले लिया है या दावा किया है कि भारतीय भेषज उत्पादक संगठन (ओ पी पी आई) और औषध उत्पादक संघ द्वारा बम्बई उच्च न्यायालय से प्राप्त अन्तरिम स्थगन आदेश दिनांक 30.6.1997 में उनके मामले शामिल हैं जिसमें रसायन और पेट्रोरसायन विभाग और डीपीएलआरसी को औषध (मूल्य नियंत्राण) आदेश, 1979 के तहत डीपीईए देयताओं के संबंध में नया नोटिस जारी करने से मना किया गया है। 50 मामलों में से 18 मामलों में कुछ कंपनियां विभिन्न उच्च न्यायालयों में चली गईं और स्थगन आदेश प्राप्त कर लिए।

7.2 औषध मूल्य देयता समीक्षा समिति के संशोधित विचारार्थ विषय संकल्प सं० 12(2)/99-डीपीईए दिनांक 10.10.2002 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं। अब समिति इस संबंध में विभिन्न अदालती आदेशों और तदन्तर औषध(मूल्य नियंत्र ण) आदेश, 1979 के प्रावधानों को लागू करने से उत्पन्न प्रत्येक औषध कंपनियों की देयता की गणना करेगी। कंपनी ने देयता की राशि की गणना करने के लिए 11.10.2002 को 31 मामले समिति को भेजे हैं। ये मामले हैं जिसमें समिति पहले विभाग को अपनी सिफारिशों के आधार पर उसमें निहित सिफारिशों पर देयताओं के निर्धारण के लिए अपनी रिपोर्ट भेजी थी।

ख. रसायन, पेस्टिसाइड और सम्बद्ध उद्योग

रसायन उद्योग भारत में सबसे पुराने उद्योगों में एक है। यह न सिर्फ आम लोगों की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि राष्ट्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान करता है। पेट्रोरसायन और अल्कोहल पर आधारित रसायनों सहित इस उद्योग का विकास संपूर्ण उद्योग के सकल विकास से कहीं अधिक हुआ है।

2. वैश्विक रसायन बाजार वर्ष 2002 में लगभग 1.5 ट्रिलियन यू०एस०डी० अनुमानित है, पश्चिमी-यूरोप सबसे बड़ा रसायन उत्पादक क्षेत्र है उसके बाद उत्तरी अमरीका तथा एशिया हैं।

3. भारतीय रसायन उद्योग का रसायनों के विश्व उत्पादन में मात्र ा के आधार पर 12 वाँ स्थान है। उद्योग का वर्तमान टर्नओवर लगभग 30 बिलियन अमरीकी डालर है जोकि देश के कुल निर्माण उत्पादन का 14% है यू०एस०डी० वर्ष 2000 में रसायनों का निर्यात 4.5 बिलियन यू.एस.डी. था जो कि निर्माण सेक्टर के निर्यात का 14% तथा देश के कुल निर्यात का 11.15% है। इस निर्यात का एक बड़ा भाग अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों को जाता है जो कि इस बात का सूचक है कि उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय उत्पाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क के रूप में राष्ट्रीय राजस्व में इसका योगदान लगभग 20% है। आधारभूत रसायनों के मामले में भारत की स्थिति काफी सुदृढ़ है जिनसे उपभोक्ता मदों यथा रंगों, रंजकों, साबुन, दवाओं, सौंदर्य और शृंगार प्रसाधनों का उत्पादन होता है।

4. भारतीय रसायन उद्योग में लघु और वृहत दोनों इकाइयां शामिल हैं। अठारहवीं शताब्दी के मध्य में लघु उद्योगों को दी गई राजकोषीय रियायतों के फलस्वरूप लघु उद्योग क्षेत्रा में बहुत सी इकाइयां स्थापित हो गई। वर्तमान समय में रसायन उद्योग बहुत बड़े पुनर्गठन और एकीकरण के दौर में है। उत्पादन संरचना, ब्रैंड बिल्डिंग और इस उद्योग की पर्यावरण अनुकूलता से यह ग्राहकोन्मुखी दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि भारत में मूल कच्चे माल की प्रचुर सप्लाई है, इसे तकनीकी सेवाओं का निर्माण और विपणन क्षमता को बढ़ाना है ताकि वैश्विक प्रतियोगिता का सामना कर सके और अपने निर्यात के शेयर मे बढ़ोतरी कर सके।

5. खपत के मामले में रसान उद्योग स्वयं अपना सबसे बड़ा खरीदार है और कुल खपत में इसका हिस्सा लगभग 33% है अधिकतर मामलों में आधारभूत रसायन डाउनस्ट्रीम रसायन में परिवर्तित होने के लिए कई प्रसंस्करण चरणों से गुजरते हैं। तदुपरांत इनका उपयोग औद्योगिक कार्यो कृषि और प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ता बाजार के लिए होता है। रसायनों के औद्योगिक और कृषि उपयोग में आसंजक, अप्रसंस्कृत प्लास्टिक, रंजक एवं उर्वरक जैसे सहायक पदार्थ शामिल हैं जबकि उपभोक्ता सेक्टर के भीतर उपयोगों में भेषज, शृंगार प्रसाधन, घरेलू उपयोग की वस्तुएं पेंट इत्यादि शामिल हैं।

6. भारत भारी मात्राा में फाइन और विशिष्ट रसायनों का उत्पादन करता है जो औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं इनका प्रयोग खाद्य संयोजी, पिगमेंट्स, पालीमर संयोजी और रबड़ उद्योग में ऑक्सीडेंट्स रोधी के रूप में होता है। एन ओ सी आई एल, बॉयर (इंडिया), आई सी आई (इंडिया), हाइको प्रोडक्टस, रंगीन रसायन और विशिष्ट रसायनों के प्रमुख निर्माता हैं।

7. भारत में रंजक सेक्टर रसायन उद्योग का एक प्रमुख भाग है जिसमें अनेक सेक्टरों जैसे कपड़ा, चर्म, कागज, प्लास्टिक, मुद्रण की स्याही और खाद्य पदार्थ शामिल हैं। कपड़ा उद्योग रंजक पदार्थो का सबसे बड़ा लगभग 70% भाग का उपभोक्ता है। 1950 के दशक में आयातकर्ता और वितरक होने के साथ ही यह बहुत सबल उद्योग और प्रमुख विदेशी मुद्रा कमाने वाला बन गया है। भारत रंजक और रंजक पदार्थो का वैश्विक सप्लायर बन गया है विशेषकर रिएक्टिव, एसिड, वैट और डायरेक्ट डाईज के मामले में अग्रणी है। जहां तक रंजकों के वैश्विक उत्पादन का संबंध है, भारत का विश्व उत्पादन में 6% भाग बनता है।

8. रासायनिक उर्वरक और पेस्टिसाइड ने 1960 और 1970 के दशक में भारत की "हरित क्रान्ति" में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत में पेस्टिसाइड की खपत अन्य देशों की तुलना में कम है। गत पाँच वर्षो में

भारतीय कृषि रसायनों ने निर्यात में खासी वृद्धि दिखाई है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, नीदरलैंड्स, बेल्जियम, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, बंगला देश, मलेशिया और सिंगापुर प्रमुख निर्यात गंतव्य बाजार हैं।

9. सरकार नीम बीजों के प्रयोग से वैकल्पिक और गैरनुकसानदेह पेस्टीसाइड्स के प्रयोग पर अनुसंधान को बढ़ावा दे रही है। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू एन डी पी)/संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यू एन आई डी ओ) की वित्तीय सहायता से "पर्यावरण अनुकूल पेस्टीसाइड्स के रूप में नीम उत्पादों का विकास और उत्पादन" शीर्षक से एक राष्ट्रीय कार्यक्रम चला रहा है। नीम आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण और उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उसके द्वारा अनुर्वर भूमि विकास को सहायता देने, ग्रामीण रोजगार सृजित करने, किसानों को पर्यावण अनुकूल/ बायो डिग्रेडबल पेस्टीसाइड्स प्रदान करने के लिए दो स्थानों यथा निम्पिथ, पश्चिम बंगाल और नागपुर, महाराष्ट्र में प्रोजेक्ट कार्यान्वित किया जा रहा है।

10. पेस्टिसाइड और रंजक पदार्थों सहित कुछ प्रमुख रसायनों के कार्यनिष्पादन नीचे दिए गए हैं :-

(000 टनों में)

मद	स्थापित क्षमता 31.3.2003	उत्पादन 2002-03	2003-04 (अनुमानित)	2004-05 (प्रत्याशित)
सोडा एश	2042	1632	1673	1840
कास्टिक सोडा	1953	1520	1552	1707
तरल क्लोरीन	1448	970	1012	1113
केल्सियम कारबाइड	86.50	49.00	45	50
फिनोल	66.5	76.20	72	79
मेथनॉल	385.00	362.10	366	403
तक. पेस्टिसाइड	144.95	68.17	68	75
रंजक पदार्थ	52.70	25.90	27	29

वर्ष 2002-03, 2003-04 (अनुमानित) और 2004-05 (प्रत्याशित) में रसायनों की क्षमता और उत्पादन के ब्यौरे **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

2.0 रासायनिक हथियार समझौता

2.1 रासायनिक हथियार समझौता एक सार्वभौमिक भेदभाव रहित, बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण संधि है जो रासायनिक हथियारों के विकास, उत्पादन, प्रतिधारण, हस्तांतरण, प्रयोग तथा भंडारण को प्रतिबंधित करता है। यह संधि सभी सदस्य राष्ट्रों के बीच भेदभाव न करते हुए उन्हें समान दृष्टि से देखती है। जो देश ऐसे रायायनिक हथियारों का निर्माण और प्रयोग करते हैं, जिन्हें परम्परागत तौर पर रासायनिक हथियारों में परिवर्तित किया जा सकता है, उन्हें इन हथियारों के प्रयोग के उद्देश्य प्रकट एवं पारदर्शी रखने होंगे। यह

समझौता पेरिस में 13 जनवरी, 1993 को हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किया गया था। भारत ने 14 जनवरी, 1993 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

2.2 उक्त समझौता 29 अप्रैल, 1997 को लागू हुआ। अब तक 147 देशों ने इस समझौते का अनुसमर्थन किया है। कुछ प्रमुख देश जिन्होंने इस समझौते का अनुसमर्थन किया है, में यू एस ए, चीन, जापान, यू के, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस, पाकिस्तान और नीदरलैंड शामिल हैं। हेग में स्थापित रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओ पी सी डब्ल्यू) द्वारा इस समझौते को कार्यान्वित किया जा रहा है।

2.3 राष्ट्रीय कार्यान्वयन उपायों के रूप में और समझौते के अन्तर्गत इनके दायित्वों को लागू करने के उद्देश्य से प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को संगठन और अन्य सदस्य राष्ट्रों के साथ प्रभावी संपर्क बनाने के लिए एक राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में एक राष्ट्रीय प्राधिकरण नामित/स्थापित करना होगा। भारत में राष्ट्रीय प्राधिकरण पहले ही स्थापित किया जा चुका है।

2.4 समझौते में विषैले रसायनों को तीन अनुसूचियों में वर्गीकृत किया गया है। अनुसूची-1 में वे रसायन सूचीबद्ध हैं जिन्हें रासायनिक हथियारों के रूप में निर्मित और संचित किया जाता है। अनुसूची-2 में ऐसे प्रिकर्सर हैं जिनसे सीडब्ल्यूसी के उद्देश्य और प्रयोजन में काफी जोखिम होता है क्योंकि ये रसायन अनुसूची-1 के रसायन निर्मित करने में सक्षम हैं। अनुसूची-3 में दोहरे उद्देश्य वाले रसायनों को सूचीबद्ध किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में वैध सिविलियन वाणिज्यिक अनुप्रयोग हैं और जिन्हें रासायनिक हथियार को विकसित करने के उद्देश्य से भी प्रयोग किया जा सकता है।

2.5 समझौते को लागू करने के दो प्रमुख पहलू हैं- घोषणाएं और जांच। प्रत्येक पक्षकार राष्ट्र को अनुसूचीबद्ध रसायनों के उत्पादन, आयात और निर्यात तथा उनकी उत्पादन सुविधाओं की वार्षिक घोषणा करनी पड़ती है। भारत निर्धारित समय-सीमा में घोषणा करता रहा है। जांच प्रक्रिया के अंतर्गत हेग, नीदरलैंड स्थित रासायनिक हथियार निषेध संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यकलाप रासायनिक हथियार समझौते के अनुरूप किए जा रहे हैं, सदस्य राष्ट्रों की घोषित रासायनिक सुविधाओं का निरीक्षण करता है। अब तक भारत में ऐसे 14 निरीक्षण हो चुके हैं।

2.6 रासायनिक हथियार समझौते का प्रथम समीक्षा सम्मेलन हेग, नीदरलैंड्स में अप्रैल-मई, 2003 में हुआ। सम्मेलन में गत 6 वर्षों में समझौते के संचालन की समीक्षा की गई। इसमें घोषित आयुधशालाओं को नष्ट करने की वर्तमान प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया और संगत वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगतियों पर ध्यान दिया गया। इसमें रसायन उद्योग के परीक्षण से संबंधित विधियों की भी समीक्षा और जांच की गई। सम्मेलन रसायनिक हथियार समझौते के लागू होने के अगले चरण के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस समीक्षा सम्मेलन में रसायन और पेट्रोरसायन विभाग का प्रतिनिधित्व था। विभाग ओ पी सी डब्ल्यू के विभिन्न सत्रों और गतिविधियों में भारतीय रसायन उद्योग का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाग लेता रहा है।

2.7 समझौते के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रत्येक देश द्वारा स्वदेशी विधान बनाना अपेक्षित है जिसके अनुसार अनुसूचीबद्ध रसायनों में विभिन्न कार्यकलापों के बारे में सही जानकारी देना अनिवार्य है। सी डब्ल्यू सी अधिनियम 28 अगस्त, 2000 को अधिनियमित किया गया है।

ग. पेट्रोरसायन उद्योग

पेट्रोरसायन उद्योग जिसमे मुख्य रूप से पॉलीमर, सिन्थेटिक फाइबर, फाइबर मध्यवर्ती, एलास्टोमर्स, सरफेक्टेट्स, डिटेर्जेंट्स, परफारमेंस प्लास्टिक्स, एरोमेटिक्स और ओलेफिन्स शामिल हैं, में 1999-2000 से उत्पादन के सन्दर्भ में मार्च, 2004 के अन्त तक लगभग 9.5% वार्षिक वृद्धि की संभावना है। प्रमुख पेट्रोरसायनों की मांग जो 2002-2003 में 6 मिलियन टन से अधिक हो गई और जिसमें 3.8 मिलियन टन कॉमोडिटी प्लास्टिक तथा 1.8 मिलियन टन सिन्थेटिक फाइबर शामिल हैं, के 2003-2004 के अन्त तक 6.6 मिलियन टन हो जाने की आशा है। इसमें लगभग 4 मिलियन टन कमोडिटी पॉलीमर एवं लगभ 2 मिलियन टन सिन्थेटिक फाइबर निहित हैं। उपभोग में 1999-2000 से लगभग 5% की वृद्धि की संभावना है।

2. भारतीय पेट्रोरसायन उद्योग में उत्पादन और खपत दोनों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2002-2003 तथा 2003-2004 के दौरान न तो पॉलीमर और न ही सिंथेटिक फाइबर उद्योग में क्षमता संवर्धन हुआ है। तथापि, वर्ष 2002-2003 में उनके उत्पादन में वर्ष 2001-2002 की तुलना में लगभग 5% की वृद्धि हुई और उपर्युक्त के संबंध में 2003-2004 के दौरान 2002-2003 की तुलना में यही वृद्धि दर बनी रहने की आशा है। इनकी मांग जो 2002-2003 में 2001-2002 की तुलना में लगभग 1% बढ़ी है, इसके 2003-2004 के दौरान, 2002-2003 की तुलना में लगभग 5% तक बढ़ने की संभावना है।

3. पेट्रोरसायन उत्पादों में प्रभावी विकास से आत्मनिर्भरता में बढ़ोतरी हुई है और इससे इस क्षेत्रा में आयात निर्भरता धीरे-धीरे कम हो रही है। वर्ष 2001-2002, 2002-2003 तथा 2003-2004 के दौरान पेट्रोरसायनों के उत्पादन एवं खपत के ब्यौरे निम्न तालिका में दिए गए हैं :

पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन और खपत

(आंकड़े 000मी० टन में)

श्रेणी	**2001-2002**		**2002-2003**		**2003-2004 ***	
	उत्पादन	**खपत@**	**उत्पादन**	**खपत@**	**उत्पादन**	**खपत@**
सिंथेटिक फाइबर	1667	1717	1755	1801	1785	1900
पालिमर्स	3974	3827	4175	3795	4445	4000
इलास्टोमर्स	79	176	81	188	88	190
सरफेक्टेंटस	425	393	447	391	475	400
परफारमेंस प्लास्टिक्स	90	93	95	100	98	105

योग	6235	6206	6553	6275	6891	6595

टिप्पणियां :

*	अनुमानित
@	उत्पादन+आयात-निर्यात के रूप में परिकलित उपभोग
सिंथेटिक फाइबर में शामिल-तथा	एएफ, एनएफवाई, एनआईवाई/टीसी, पीएफवाई, पीएसएफ, पीपीएफवाई, पीपीएसएफ पीएसएफएफ
पालीमर्स में शामिल-	एलडीपीई, एलएलडीपीई, एचडीपीई, पीपी, पीएस, और पीवीसी तथा इएक्स.पीएस
सिंथेटिक रबड़ में शामिल-	एसबीआर और पीबीआर, एननबीआर, इपीडीएम, इवीए और बुटाइल रबड़
सरफेक्टैंट्स-	एलएबी और इओ
परफारमेंस-प्लास्टिक्स-	एबीएस, नायलोन-6 और 66, पीएमएमए और एसएएन

2.0 असम गैस क्रैकर प्रोजेक्ट

2.1 असम समझौते के अनुसार असम में विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असम गैस क्रैकर प्रोजेक्ट लागू किया जा रहा है। असम इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन (ए आई डी सी), राज्य सरकार के एक उपक्रम को 3 लाख टीपीए इथाइलीन की क्षमता की गैस क्रैकर काम्पलेक्स स्थापित करने के लिए आशय पत्रा जारी किया गया था। यह आशय पत्रा बाद में ए आई डी सी और रिलायन्स इन्डस्ट्रीज लि० (आरआईएल) के संयुक्त उद्यम रिलायंस असम पेट्रोकेमिकल्स लि० को अन्तरित कर दिया गया था। गैस क्रैकर प्रोजेक्ट को एक व्यवहार्य व्यवसायिक प्रस्ताव बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रोत्साहनों/रियायतों की मंजूरी दी है:-

- 377 करोड़ रूपए की एकमुश्त पूंजी की आर्थिक सहायता का प्रावधान।
- प्रोजेक्ट के लिए 600 रू० प्रति हजार मानक क्यूबिक मीटर की दर पर 15 वर्षो की अवधि के लिए 2 लाख टन इथायलीन के उत्पादन हेतु एसोसिएटिड गैस का प्रावधान।
- दुलियाजान गैस सेपरेशन प्लांट से संबंधित व्यय के लिए मेसर्स ऑयल इंडिया लि० को आधारभूत ढांचा आर्थिक सहायता (72 करोड़ रू०) का भुगतान।
- लाकवा में कार्यान्वयन अधीन गेल गैस सेपरेशन प्लांट का एक स्वतंत्र एजेंसी (प्रशुल्क आयोग) द्वारा निर्धारित दर पर प्रोजेक्ट को हस्तांतरण।

2.2 प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के लिए दो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं यथा भूमि का अधिग्रहण तथा आर ए पी एल और ओ आई एल/ओ एन जी सी के बीच गैस आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग समय-समय पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों कि समाधान की समीक्षा करता रहा है। राज्य सरकार ने उपर्युक्त प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए लपेटकटा में 1100 एकड़ भूमि की पहचान की है और प्रोजेक्ट के लिए आर ए पी एल को वांछित भूमि उपलब्ध कराने में कोई समस्या नजर नहीं आती है।

2.3 जहां तक गैस की उपलबधता का संबंध है, आर ए पी एल ने 5 एम एम एस सी एम डी की गैस सप्लाई के लिए ओ आई एल के साथ एक करार पर 19 अक्तूबर, 2000 को हस्ताक्षर किये, जिसे प्रति वर्ष 1,30,000 टन इथाइलीन उत्पादन के लिए पर्याप्त समझा गया। शेष गैस ओ एन जी सी द्वारा सप्लाई की जानी थी। ओ एन जी सी ने 1.35 एम एम एस सी एम डी गैस उपलब्ध कराने की सहमति दी थी।

2.4 तथापि, ओ एन जी सी के गैस के गिरते स्तर के चलते इसे पहले पांच वर्षों के लिए 28000 टन प्रति वर्ष तथा शेष 10 वर्षों के लिए 15000 टन प्रति वर्ष पर्याप्त पाया गया। आर ए पी एल ने महसूस किया कि 2 लाख टन से कम एथीलीन वाली परियोजना व्यवहार्य नहीं होगी और उन्होंने 2 लाख टन एथीलीन के उत्पादन के लिए पर्याप्त गैस पर जोर दिया। चूंकि और गैस उपलब्ध नहीं थी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मामले पर पुन: विचार किया और गैस की आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन(आई ओ सी) के जरिए एल पी जी की आपर्ति पर सहमति दी। सरकार द्वारा मंजूर किए अनुसार, 15 वर्षों की अवधि के लिए रियायती दर पर गैस फीडस्टॉक की आपूर्ति हेतु तेल कंपनियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए बड़े कोषों की आवश्यकता है। गैस/एलपीजी की आपूर्ति में शामिल आर्थिक सहायता के कोषों संबंधी मामले को अब सुलझा लिया जाना चाहिए।

2.5 यदि फीडस्टॉक आपूर्ति के मसले को अंतिम रूप दे दिया जाए तो भी यह अनुमान है कि प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगभग 4 वर्ष लगेगें। बदले आर्थिक परिदृश्य में असम में ऐसे क्रैकर काम्प्लेक्स की स्थापना की व्यवहार्यता को भी सरकार साथ ही साथ परख रही है।

घ रसायन उद्योग: विकास रणनीति:

1.0 रसायन उद्योग: विकास के लिए उद्योग-सरकार की सहभागिता

1.1 विभाग ने 8 दिसम्बर, 2003 को नई दिल्ली में उद्योग संघों/रसायन, पेट्रोरसायन और भेषज सेक्टर के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श बैठक आयोजित की। इस सत्र का लक्ष्य इन सेक्टरों के लिए विकास रणनीति तैयार करना था और सरकार - उद्योग की सहभागिता को बढ़ावा देना था जिसमें संबन्धित मंत्रालयों/विभागों/ राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया था।

2.0 रसायन और पेट्रोरसायन उद्योग के लिए मेगा इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीयल एस्टेट की स्थापना

2.1 रसायन और पेट्रोरसायन उद्योग को कुछ आधारभूत सुविधाओं जैसे एक अच्छा बंदरगाह, रसायन भंडारण टर्मिनल, पर्याप्त बर्थिंग सुविधाओं इत्यादि की आवश्यकता होती है। वर्तमान में प्रत्येक यूनिट को विशिष्ट सुविधाएं स्वयं तैयार करनी पड़ती हैं जिससे निवेश तथा प्रयास का दुहराव होता है। अत: मेगा रसायन औद्योगिक एस्टेट (एम सी आई ई) की स्थापना की आवश्यकता महसूस की गई।

2.2 ऐसे मेगा रसायन इंडस्ट्रीयल एस्टेट की स्थापना पर रिपोर्ट पर 5 करोड़ रू० की लागत आने की संभावना है। विभाग ने इस मसले पर योजना आयोग के साथ चर्चा की तथा वित्त वर्ष 2003-04 में 2 करोड़ रू० का कोष प्रदान किया गया है। ऐसे व्यवहार्यता अध्ययन के लिए विचारार्थ विषय के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया गया है। एम सी आई ई की स्थापना हेतु व्यवहार्यता अध्ययन के लिए परामर्शदाता को चुनने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

3.0 इंडिया केम 2004

3.1 रसायन और पेट्रोरसायन विभाग ने भारतीय वाणिज्य और उद्योग परिसंघ के साथ मिलकर वर्ष 2000 और 2002 में इंडिया केम समारोह आयोजित किया।

3.2 अगला इंडिया केम 2004 समारोह एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और रसायनों, पेट्रोरसायन, भेषजों तथा प्रसंस्करण व संयंत्र मशीनरी पर सम्मेलन 3 से 5 नवम्बर, 2004 तक एन एस इ कॉम्प्लेक्स मुंबई में आयोजित किया जाएगा। जापान इंडिया केम 2004 में साझेदार राष्ट्र बनने पर सहमत हो गया है। रसायन उद्योग के महत्वपूर्ण अंगों की एक वृहद् क्रेता-विक्रेता बैठक भी आयोजित की जा रही है। यह तकनीकी साझेदारी/संयुक्त उद्यमों आदि के लिए उपयुक्त मंच है।

III: भोपाल गैस रिसाव दुर्घटना

1.0 दिसम्बर, 1984 में भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड पेस्टिसाइड फैक्टरी के भण्डारण टैंकों में संग्रहीत मिथाइल आइसोसाइनेट (एम आई सी) नामक घातक गैस रिस जाने से भोपाल शहर के अनेक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा भारी संख्या में व्यक्ति घायल हो गए थे। इसके बाद राज्य तथा केन्द्र सरकार ने विभिन्न राहत एवं पुनर्वास उपाय किए थे।

2.0 भोपाल गैस पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कार्य योजना

2.1 केन्द्र सरकार ने पुनर्वास कार्य के लिए 1985 से चार वर्ष की अवधि में 102 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की थी। तदुपरांत, पीड़ितों के चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरण संबंधी पुनर्वास के लिए केन्द्र सरकार ने 163.10 करोड़ रूपए की एक कार्य योजना मंजूर की थी। बाद में परिव्यय को बढ़ाकर 258 करोड़ रूपए किया गया था। यह परिव्यय केन्द्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच 75 : 25 के अनुपात में शेयर किया जाना था। केन्द्र सरकार ने अपने भाग के रूप में परिव्यय का 75 प्रतिशत दे दिया है। यह निर्णय लिया गया कि कार्य योजना के अन्तर्गत सभी योजनाओं के संबंध में रख-रखाव तथा होने वाले खर्च के लिए राज्य सरकार अपनी वार्षिक योजना में समुचित प्रावधान करेगी।

3.0 भोपाल में विशिष्ट अस्पताल

3.1 उच्चतम न्यायालय ने 3.10.1991 के अपने आदेश के तहत निर्देश दिए थे कि भोपाल गैस पीड़ितों के लिए अस्पताल के विनिर्माण, उसकी साज-सज्जा तथा उसके कार्यकलापों के लिए यूनियन कार्बाइड कारपोरेशन, (यू सी सी) द्वारा 8 वर्षों तक वित्त पोषण किया जाए। कंपनी ऐसा करने के लिए इस शर्त पर सहमत हो गई थी कि उन्हें उसके पास रखे गए यूनियन कार्बाइड इंडिया लि०, (यू सी आई एल) के शेयरों को बेचकर धनराशि जुटाने के लिए अनुमति दी जाए जो कंपनी के खिलाफ आपराधिक मामले में न्यायिक अदालत द्वारा कुर्क किए गए थे। इस अनुरोध से सहमत होकर उच्चतम न्यायालय ने शेयरों की बिक्री के निर्देश दिए थे और उसके विक्रयागम में से कंपनी को उक्त प्रयोजनार्थ 65 करोड़ रूपए दिये थे। भारत सरकार ने 57 करोड़ रू० उपलब्ध कराए थे जो कुर्क किए गए कंपनी के शेयरों की बिक्री से हुए पूंजीगत लाभ और शेयरों पर लाभांश के रूप में वसूल किए गए थे। राज्य सरकार ने 52.34 एकड़ भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी और तत्पश्चात 28.45 एकड़ अतिरिक्त निजी भूमि भी उपलब्ध कराई थी। उच्चतम न्यायालय ने अतिरिक्त सुविधाएं यथा एक कार्डियो थोरेसिक सर्जरी यूनिट, अनुसंधान एवं शिक्षण केन्द्र तथा 10 मिनी यूनिट स्थापित करने के लिए अप्रैल, 1996 में 187 करोड़ रूपए की राशि तथा कुर्की राशि पर प्राप्त ब्याज राशि दी थी।

3.2 उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, भोपाल मेमोरियल अस्पताल ट्रस्ट नामक एक नया न्यास विशिष्ट अस्पताल के विनिर्माण, उपकरण लगाने तथा प्रबंधन की देखभाल करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायधीश श्री ए एम अहमदी की अध्यक्षता में अगस्त, 1998 में गठित किया गया था। भोपाल मेमोरियल अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र का 5 सितम्बर, 2002 को उद्घाटन किया गया था।

4.0 मुआवजा दावों का अधिनिर्णय

4.1 दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजे के भुगतान हेतु दावों के अधिनिर्णय की प्रक्रिया फरवरी, 1992 में आरंभ हुई थी। धनराशि का वास्तव में वितरण अक्तूबर, 1992 में ही शुरू किया जा सका, जब उच्चतम न्यायालय के आदेशों के तहत भारतीय रिजर्व बैंक के पास यूनियन कार्बाइड लि० द्वारा जमा की गई मुआवजा राशि दावों के अधिनिर्णय के लिए कल्याण आयुक्त को हस्तांतरित की गयी थी।

4.2 उन व्यक्तियों, जो दावा अर्जियों के दायर करने के लिए अनुमत्य पांच वर्ष की अवधि में भी दावे दायर नहीं कर सके, को एक और अवसर देने के लिए भोपाल गैस रिसाव दुर्घटना, दावों का पंजीकरण और कार्रवाई योजना, 1985 की धारा 4 (1) के तहत 2 दिसम्बर, 1996 को एक अधिसूचना जारी की गई थी। 2.12.1996 की अधिसूचना के प्रत्युत्तर में दायर दावों समेत दावों की कुल संख्या 10,29,515 है और ये सभी दावे 31.12.2003 तक निपटा दिए गए हैं।

4.3 सभी दावों को तेजी से और प्रभावी रूप से निपटाने के उद्देश्य से पिछली प्रक्रिया में संशोधन करते हुए 5.2.2000 को एक अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें 60 दिनों की समय सीमा 1.3.2000 से निर्धारित की गई जिसमें दावेदारों को अपने उन मामलों को जो प्रेक्षकारों के उपस्थित नहीं होने के कारण निरस्त कर दिए गए थे, को पुन: आवेदन देने की अनुमति दी गई। इस अधिसूचना को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने कल्याण आयुक्त के कार्यालय को उन सभी मामलों को स्थानीय समाचार-पत्रा में प्रकाशित करने के निर्देश दिए, जो पहले विलंब और प्रस्तुत नहीं होने के कारण निरस्त कर दिए गए थे। लगभग 3.50 लाख ऐसे मामलों की सूची भोपाल के समाचार पत्रा में प्रकाशित की गई थी। उन्हें अपने मामलों को पुन: उठाने के लिए 60 दिन का समय दिया गया था। परिणामस्वरूप 42,000 मामले बहाल किए गए हैं।

4.4 31.12.2003 तक की स्थिति के अनुसार, मुआवजा दावों के निपटान की स्थिति इस प्रकार है :-

31.12.2003 की स्थिति के अनुसार मुआवजों दावों का निपटान

श्रेणी	पंजीकृत मामले	निर्णीत	निपटाए गए मामलों की संख्या	लंबित मामलों की संख्या	प्रदान की गई कुल राशि रू०/करोड़	वितरति कुल राशि रू०/करोड़	दावाकर्ताओं की कुल संख्या जिन्हें राशि प्रदान की गई
01 (चोट)	10,01,723	10,01,723	5,55,018	शून्य	1447.90	1444.63	5,53,306
02 (पशुधन की हानि)	658	642	233	शून्य	0.11	0.07	140
03 (संपत्ति की हानि)	4,901	4,901	544	शून्य	0.14	0.12	490
04 (मृत्यु)	22,149	22,149	15,256	शून्य	87.81	87.36	14,982
05 (पीएसयू मामले)	**84**	**84**	**07**	**शून्य**	**0.04**	**0.02**	**04**
योग	**10,29,515**	**10,29,515**	**5,71,058**	**शून्य**	**1536.00**	**1532.20**	**5,68,922**

IV: सार्वजनिक क्षेत्रा के उपक्रमों का कार्य-निष्पादन

क. औषध तथा भेषज उपक्रम

औषध उद्योग क्षेत्रा में रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के प्रशासनिक नियंत्राण में पांच केन्द्रीय सरकारी उपक्रम तथा छ: संयुक्त क्षेत्रा के उपक्रम हैं। इसके अतिरिक्त दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां हैं। इन संगठनों के बारे में संक्षिप्त जानकारी परवर्ती अनुच्छेदों में दी जा रही है।

1.0 इंडियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आई डी पी एल)

1.1 इंडियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आई डी पी एल) को 5 अप्रैल, 1961 को निगमित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य आवश्यक/जीवन रक्षक औषधों तथा दवाइयों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था। इस कंपनी के पास तीन उत्पादक संयंत्रा हैं, इनमें से एक उत्तरांचल के ऋषिकेश में, आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में और हरियाणा के गुड़गांव में स्थित है। आई डी पी एल के पास दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां हैं जिनके नाम हैं - आई डी पी एल (तामिलनाडु) लिमिटेड, चेन्नई, तामिलनाडु तथा बिहार ड्रग्स एंड आर्गेनिकस लि०, मुजफ्फरपुर, बिहार। इसके अतिरिक्त आई डी पी एल के पास संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्रवर्तित तीन संयुक्त क्षेत्रा के उपक्रम हैं। ये हैं :- राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि०, (आर डी पी एल) जयपुर, उत्तर प्रदेश ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लि० (यू पी डी पी एल), लखनऊ और उड़ीसा ड्रग्स एंड केमिकल्स लि० (ओ डी सी एल) भुवनेश्वर।

1.2 आई डी पी एल को औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड, (बी आई एफ आर) द्वारा औपचारिक रूप से दिनांक 12 अगस्त, 1992 को रूग्ण घोषित किया गया था। कंपनी के लिए एक पुनरूद्धार पैकेज बी आई एफ आर द्वारा 10 फरवरी, 1994 को अनुमोदित किया गया था। बी आई एफ आर ने समय-समय पर मामले की सुनवाई की।

1.3 बी आई एफ आर ने आई डी पी एल के परिसमापन के लिए सभी संबंधित पार्टियों को 8 मार्च, 2001 को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया। सरकार ने बी आई एफ आर को सूचित किया है कि कंपनी का निजीकरण सहज-सुकर बनाने के लिए इसके तुलन पत्रा का परिमार्जन करने के लिए नीति कुशल भागीदारों को शामिल करने के माध्यम से इसके निजीकरण को सहज-सुकर बनाने के लिए सरकार निम्नलिखित रियायतें/सुविधाएं प्रदान करना चाहती है :-

- सरकार के ऋण को इक्विटी में परिवर्तित करना,
- ब्याज/दांडिक ब्याज और भारत सरकार द्वारा गारंटी फीस को बट्टे खाते डालना,
- बकाया सांविधिक धनराशियों का भुगतान और वी आर एस का निधियन करना।

1.4 तद्नुरूप, बी आई एफ आर ने प्रचालन एजेंसी (आई डी बी आई) को निर्देश दिए कि आई डी पी एल की सभी इकाइयों, बाद में दोनों पूर्ण स्वामितव वाली सहायक कंपनियों के निजीकरण हेतु प्रस्ताव आमंत्रि त करे।

1.5 सरकार ने लोक उद्यम विभाग तथा वित्त मंत्र ालय के परामर्श से आई डी पी एल में वी आर एस की भी पेशकश की है। परिणमस्वरूप, 31.12.2002 की स्थिति के अनुसार कुल 6592 कर्मचारियों (पूर्ण स्वामित्व वाली दोनों सहायक कंपनियों सहित) में से अब तक 6531 कर्मचारियों ने वी आर एस में रूचि दिखाई। सरकार ने अब तक इस उद्देश्य के लिए 441 करोड़ रू जारी किए हैं तथा आई डी पी एल ने अब तक (31.10.2003 तक) 5890 कर्मचारियों को विलगित किया है। अभी आई डी पी एल के पास 702 कर्मचारी हैं।

1.6 बी आई एफ आर ने 4.12.2003 को हुई अपनी बैठक में अपनी प्रथम दृष्टया राय की पुष्टि की कि यदि रूग्ण कंपनी आई डी पी एल का अधिनियम की धारा 20(1) के तहत परिसमापन कर दिया जाए तो यह बिल्कुल न्यायसंगत तथा जनहित में होगा।

1.7 बी आई एफ आर के माध्यम से कंपनी के भविष्य पर निर्णय को स्थगित रखते हुए सरकार, कर्मचारियों के वेतन/मजदूरी जैसी देयताओं की पूर्ति के लिए गैरयोजना कोष द्वारा कंपनी को मदद देती रही है।

2.0 हिन्दुस्तान एंटिबायोटिक्स लिमिटेड (एच ए एल)

2.1 हिन्दुस्तान एंटिबायोटिक्स लिमिटेड (एच ए एल) पिंपरी, पुणे को 30 मार्च, 1954 को निगमित किया गया था। औषध और भेषज क्षेत्रा में यह पहली सरकारी कंपनी थी। एच ए एल का संयंत्रा पिंपरी, पुणे (महाराष्ट्र राज्य) में है। संयुक्त क्षेत्रा के एक उपक्रम नामत: एच एम जी बी, जो कि मैक्स जी बी नामक एक गैर-सरकारी क्षेत्रा की कंपनी के साथ बनाया गया उद्यम है, के अतिरिक्त संबंधित राज्य सरकारों के वित्तीय/औद्योगिक संगठनों के सहयोग से एच ए एल द्वारा प्रवर्तित संयुक्त क्षेत्रा की तीन इंकाइयां हैं। ये कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मा० लि० (के ए पी एल), बेंगलूर, कर्नाटक में, महाराष्ट्र एंटिबायोटिक्स एंड फार्मा० लि० (एम ए पी एल), नागपुर, महाराष्ट्र में तथा मणिपुर स्टेट ड्रग्स एंड फार्मा० लि० (एमएसडीपीएल), इम्फाल, मणिपुर में हैं। एच ए एल के मुख्य उत्पाद - प्रपुंज औषध पेनिसिलिन जी, पेनिसिलिन तथा स्ट्रेप्टोमाइसिन के विविध साल्ट हैं। यह कंपनी एग्रोवेट उत्पादों सहित विभिन्न प्रकार के भेषजीय सूत्राों का उत्पादन करती है।

2.2 कंपनी का मामला जनवरी, 1997 में बी आई एफ आर को भेजा गया था और इसे 31.3.97 को औपचारिक रूप से रूग्ण घोषित किया गया था। बी आई एफ आर ने तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन करने तथा रिपोर्ट पेश करने के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई), मुम्बई को प्रचालन एजेंसी नियुक्त किया। उपयुक्त विचार - विमर्श के बाद सरकार ने मार्च, 2002 में बी आई एफ आर को बताया कि यह कंपनी के पुनर्वास हेतु पूरी तरह तैयार प्रस्ताव पेश करने की स्थिति में नहीं है तथा सरकार कंपनी के प्रबंधन में बदलाव के लिए सहमत है और किसी रणनीतिक साझेदार को विनिवेश करने के भाग के रूप में किसी अतिरिक्त कोष के समावेश के बगैर आर्थिक पुनर्सरचना पैकेज पर विचार के लिए इच्छुक होगी।

2.3 बी आई एफ आर ने 5 सितम्बर, 2003 को हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एच ए एल) के परिसमापन संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया जो राष्ट्रीय दैनिकों में 14 सितम्बर, 2003 को प्रकाशित हुआ। प्रचालन एजेंसी (आई डी बी आई) द्वारा सभी स्टेक होल्डर्स की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। प्रचालन एजेंसी (आई डी बी आई) ने 24 नवम्बर, 2003 को एक और बैठक आयोजित की। मामले की बी आई एफ आर द्वारा अंतिम सुनवाई 18 दिसंबर 2003 को हुई। बोर्ड ने कारण बताओ नोटिस को स्थगित रखने और कंपनी तथा बोली लगाने वालों को उनके पूरी तरह तैयार पुनरूद्धार पैकेज ओ ए(आई डी बी आई) को पेश करने के लिए और समय देने का फैसला किया।

3.0 बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, (बी सी पी एल)

3.1 बी सी पी एल निजी क्षेत्रा की एक रूग्ण कंपनी थी जो बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स वर्क्स के नाम और शैली में थी। इस कंपनी का प्रबंधन 15 दिसम्बर, 1977 को केन्द्र सरकार द्वारा अपने हाथ में लिया गया था। 15 दिसम्बर, 1980 से इसका राष्ट्रीयकरण किया गया था। 17 मार्च, 1981 को

बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, (बी सी पी एल) के नाम और शैली में सरकारी क्षेत्रा की एक नई कंपनी निगमित की गई थी।

3.2 कंपनी की 4 विनिर्माण इकाइयां हैं, जिनमें से एक-एक मानिकतला और पानीहाटी, 24 परगना (उत्तर) कोलकाता, पश्चिम बंगाल में है, एक मुम्बई, महाराष्ट्र में तथा चौथी कानपुर, उत्तर प्रदेश में है। यह कंपनी सल्फ्युरिक एसिड, फेरिक एलम जैसे औद्योगिक रसायनों, कॉस्मेटिक्स तथा घरेलू उत्पादों के अलावा अनेक औषधों तथा भेषजों का उत्पादन तथा विपणन करती है। घरेलू उत्पादों में केंथराइडीन हेयर ऑयल तथा लैम्प ब्रांड फिनोल जैसे सुविख्यात ब्रांड शामिल हैं।

3.3 औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी आई एफ आर) ने कंपनी को औपचारिक रूप से 14 जनवरी, 1993 को रूग्ण घोषित किया। बी आई एफ आर द्वारा नियुक्त प्रचालन एजेंसी आई आर बी आई अब आई डी बी आई की रिपोर्ट के आधार पर 4 अप्रैल, 1995 को एक पुनरूद्धार पैकेज अनुमोदित किया गया था। इस पुनरूद्धार की अवधि 1994-95 से आरंभ होकर 10 वर्षो तक की है। वर्ष 1994-95 से 1996-97 के दौरान कम्पनी लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त कर सकी। प्रतिवर्ष निवल हानियों में भी महत्वपूर्ण गिरावट आई है। वर्ष 1995-96 में कंपनी 8 एकड़ फालतू जमीन तटरक्षक संगठन, रक्षा मंत्रालय को अंतिम रूप से बेचने और इस बिक्री प्रक्रिया से 15.68 करोड़ रूपए जुटाने में समर्थ रही है। अनुमोदित योजना के अनुसार, फालतू जमीन की इस बिक्री से प्राप्त धन का भुगतान, आई आर बी आई (अब आई डी बी आई) तथा युनाइटेड बैंक आफ इंडिया की बकाया पुरानी देयताओं के लिए किया गया। कंपनी को डब्ल्यू एच ओ जी एम पी (विश्व स्वास्थ्य संगठन गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस) प्राप्त है और इसने टिकिया और कैप्सूल विनिर्माण के लिए आई एस ओ 9002 लाइसेंस प्राप्त किए हैं।

3.4 बी सी पी एल द्वारा प्रस्तुत पुनर्संशोधित पुनर्वास योजना पर विचार करने के लिए प्रचालन एजेंसी द्वारा एक पुनरीक्षा बैठक 4 अक्तूबर, 2002 को कोलकाता में आयोजित की गई। तब से सरकार ने दिसंबर, 2002 में रूपान्तरित संशोधित पुनर्वास योजना में मांगे गए राहतों और रियायतों को अपनी स्वीकृति से आई एफ आर को बतला दिया है। बी आई एफ आर द्वारा मामले की समय-समय पर सुनवाई की गई। 14 जनवरी 2004 को हुई अपनी अंतिम सुनवाई में बोर्ड ने 19 अप्रैल, 1995 को अनुमोदित योजना को कतिपय सुधारों के साथ स्वीकृति दी है। बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुँचा था कि भविष्य के प्रचालन से अधिशेष उत्पन्न होगा तथा बी सी पी एल कोष के लिए किसी बाहरी एजेंसी पर निर्भर नहीं रहेगा।

4.0 बंगाल इम्युनिटी लिमिटेड, (बी आई एल)

4.1 यह बंगाल इम्युनिटी कंपनी लिमिटेड के नाम और शैली में निजी क्षेत्रा की एक रूग्ण कंपनी थी। इस कंपनी का प्रबंध 18 मई, 1978 को केन्द्र सरकार द्वारा अपने हाथ में लिया गया। 1.10.1984 को इसका राष्ट्रीयकरण किया गया। 1.10.84 को बंगाल इम्युनिटी लिमिटेड के नाम और शैली में एक नई सरकारी क्षेत्रा की कंपनी निगमित की गई। कंपनी के पास दो विनिर्माण इकाइयां हैं, जिनमें से एक बड़ा नगर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) तथा दूसरी देहरादून, (उत्तरांचल) में स्थित है।

4.2 कंपनी को औद्योगिक और वित्तीय पुन: संरचना बोर्ड (बी आई एफ आर) द्वारा 9 मार्च, 1993 को औपचारिक रूप से रूग्ण घोषित किया गया था। बी आई एफ आर ने समय-समय पर मामले की सुनवाई की। बी आई एफ आर ने 13 सितम्बर 2002 को अपनी अंतिम सुनवाई की तथा कंपनी के परिसमापन के

बारे में अपनी प्रथम दृष्टया राय बानाई। 25 फरवरी 2003 को हुई बी आई एफ आर की सुनवाई में इस राय की पुष्टि हुई।

4.3 कंपनी में वी एस एस लागू करने तथा इसका प्रचालन बंद करने का फैसला किया गया है। तदनुरूप, सभी कर्मचारियों को वीएसएसएस के तहत कार्यमुक्त कर दिया गया है।

5.0 स्मिथ स्टेनिस्ट्रीट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, (एस एस पी एल)

5.1 यह कंपनी स्मिथ स्टेनिस्ट्रीट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के नाम और शैली में एक निजी रूग्ण कंपनी थी। 4 मई, 1972 को इस कंपनी का प्रबंधन केन्द्र सरकार द्वारा अपने हाथ में लिया गया। 1.10.1977 को इसका राष्ट्रीयकरण किया गया और स्मिथ स्टेनिस्ट्रीट फार्मास्युटिकलस लिमिटेड (एस एस पी एल) के नाम और शैली में एक नई सरकारी क्षेत्रा की कंपनी 19 जुलाई, को 1978 को निगमित की गई। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 18, कान्वेंट रोड, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में है।

5.2 कंपनी को औद्योगिक और पुन: संरचना बोर्ड (बी आई एफ आर) द्वारा 21 दिसम्बर, 92 को औपचारिक रूप से रूग्ण घोषित किया गया था। बी आई एफ आर ने 31 अगस्त, 1994 को 1994-95 से आरंभ होकर 10 वर्षों के लिए एक पुनरूद्धार पैकेज अनुमोदित किया था जिसे 17 अक्तूबर, 2000 को हुई सुनवाई के दौरान असफल घोषित कर दिया गया।

5.3 बी आई एफ आर ने इस मामले में 3.12.2001 को सुनवाई की और अपनी प्रथम दृष्टया राय की पुष्टि की कि यह उचित, न्यायसंगत और जनहित में होगा कि कंपनी का परिसमापन कर दिया जाए। यह राय माननीय उच्च न्यायालय, कोलकाता को भेजी जा चुकी है। कंपनी में वी एस एस लागू करने तथा इसका प्रचालन बंद करने का फैसला किया गया है। तदनुरूप, सभी कर्मचारियों को वी.एस.एस. के तहत कार्यमुक्त कर दिया गया है।

5.4 भेषजों में सार्वजनिक क्षेत्रा के केन्द्रीय उपक्रमों के उत्पादन तथा बिक्री तथा निवल लाभ/हानि का विवरण :

2002-2003

(करोड़ रूपए में)

पी एस यू का नाम	उत्पादन	बिक्री	शुद्ध लाभ/(हानि)
आई डी पी एल	3.00	2.95	(2.79)
एच ए एल	80.72	77.91	(0.64)
बी सी पी एल	53.63	43.01	2.11

बी आई एल	0.58	0.59	(18.76)
एस एस पी एल	0.34	0.43	(12.89)

2003-2004 (अप्रैल से सितम्बर, 2003)

(करोड़ रूपए में)

पी एस यू का नाम	उत्पादन	बिक्री	शुद्ध लाभ/(हानि)
आई डी पी एल	1.10	1.09	(1.24)
एच ए एल	50.11	41.36	1.58
बी सी पी एल	25.81	21.67	0.20
बी आई एल	0.41	0.37	(8.38)
एस एस पी एल	0.91	0.01	(5.57)

6.0 संयुक्त क्षेत्रा के उपक्रम

राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आर डी पी एल)

6.1 यह इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आई डी पी एल) तथा राजस्थान औद्योगिक निवेश निगम, (आर आई आई सी ओ) द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें आई डी पी एल का शेयर 51 प्रतिशत है तथा शेष आई आई सी ओ का है। कंपनी को 1978 में निगमित किया गया था तथा इसमें अप्रैल, 1981 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हुआ था। कंपनी का विनिर्माण युनिट तथा पंजीकृत कार्यालय वी के आई इंडस्ट्रियल एरिया, जयपुर (राजस्थान) में स्थित है। यह एक सूत्रायोग यूनिट है जो टैबलेट्स, कैप्सूल्स, पीने की दवाएं (लिक्विड ओरल्स) तथा इंजेक्शन बनाती है। यह दवा बनाने वाले दो सरकारी उपक्रमों से एक है जो लाभ कमा रहे हैं। विनिवेश आयोग ने यदि आवश्यक हो तो आई डी पी एल के साथ आर आई आई सी ओ के शेयरों को कंपनी में विनिवेश करने की सिफारिश की है और विनिवेश मंत्र ालय ने इस सिफारिश को लागू करने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (यू पी डी पी एल)

6.2 यह इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आई डी पी एल) तथा प्रदेशीय औद्योगिक निवेश निगम, उत्तर प्रदेश (पी आई सी यू पी) द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें आई डी पी एल का शेयर 51 प्रतिशत है तथा शेष पी आई सी यू पी का है। इस कंपनी को 1978 में निगमित किया गया था तथा इसमें वाणिज्यिक उत्पादन अक्तूबर, 1979 में शुरू हुआ था। कंपनी का विनिर्माण यूनिट तथा पंजीकृत

कार्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसके मुख्य उत्पाद तथा औषधीय सूत्रायोग, टैबलेट्स, कैप्सूल्स, पाउडर, लिक्विड ओरल्स तथा इंजेक्टेबल्स हैं।

6.3 औद्योगिक और वित्तीय पुन: संरचना बोर्ड (बी आई एफ आर) ने इस कंपनी को 30 दिसम्बर, 1992 को औपचारिक रूप से रूग्ण घोषित किया। लंबे समय तक निरंतर प्रयास करने के बाद 22 अगस्त, 1995 को बी आई एफ आर द्वारा एक पुनरूद्धार पैकेज कंपनी के लिए मंजूर किया गया। बी आई एफ आर ने मामले की समय-समय पर सुनवाई की। दूसरी ओर भारत सरकार ने कंपनी के पुनरूद्धार के लिए प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से विचार विमर्श किया। यू पी डी पी एल के पुनरूद्धार हेतु 10 करोड़ रू० का एकमुश्त अनुदान प्रदान करने के लिए सरकार ने बी आई एफ आर को 7 मई, 2002 को सूचित किया था कि यू पी डी पी एल को आई डी पी एल से गैर-सम्बद्ध किया जाना है और साथ ही साथ इसकी इक्विटी पी आई सी यू पी ने अपने हाथ में लेनी है।

6.4 प्रचालन एजेंसी ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबद्ध रियायतों/राहतों को ध्यान में रखते हुए पुनरूद्धार योजना का मसौदा तैयार किया था और बी आई एफ आर ने अगस्त, 2002 में हुई सुनवाई में इस पर विचार किया था। बी आई एफ आर ने इस सुनवाई में कंपनी के पुनरूद्धार के लिए एक योजना मंजूर की थी। भारत सरकार द्वारा 10 करोड़ रू जारी करने के साथ-साथ आई डी पी एल की इक्विटी होल्डिंग उत्तर प्रदेश सरकार को हस्तांरित की जानी है। हलाँकि इस विभाग ने आई डी पी एल को 10 करोड़ रू० पहले ही जारी कर दिया है, इस कोष का आगे जारी किया जाना तभी संभव होगा जबकि उत्तर प्रदेश सरकार समूचा इक्विटी होल्डिंग ले लेती है। बी आई एफ आर ने इस मामले में एक कारण बताओ नोटिस जारी किया।

उड़ीसा ड्रग्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (ओ डी सी एल)

6.5 यह इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आई डी पी एल) तथा इंडस्ट्रियल प्रमोशन कारपोरेशन आफ उड़ीसा लिमिटेड (आई पी आई सी ओ एल) द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें आई डी पी एल का शेयर 51 प्रतिशत है तथा शेष आई पी आई सी ओ एल की इक्विटी भागीदारी है। कंपनी 1979 में निगमित की गयी थी तथा सितम्बर, 1983 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया गया था। कंपनी का विनिर्माण इकाई तथा पंजीकृत कार्यालय मंचेश्वर इंडस्ट्रियल एरिया, भुवनेश्वर, उड़ीसा में स्थित है। यह कंपनी टैबलेट्स, कैप्सूल्स, पाउडर, मरहम आदि के रूप में भेषजीय सूत्रायोग बनाने में लगी हुई है।

6.6 ओ डी सी एल को औद्योगिक और वित्तीय पुन: संरचना बोर्ड (बी आई एफ आर) द्वारा 26 अक्तूबर, 1992 को औपचारिक रूप से रूग्ण घोषित किया। बी आई एफ आर द्वारा नियुक्त प्रचालन एजेंसी की रिपोर्ट तथा प्रमोटरों द्वारा दी गई सहायता के आधार पर बी आई एफ आर ने ओ डी सी एल के लिए 18 अगस्त,

1994 को पुनरूद्धार पैकेज कंपनी के लिए मंजूर किया था। बी आई एफ आर ने समय-समय पर मामले की सुनवाई की।

6.7 बी आई एफ आर ने 18.12.2000 को सुनवाई में इस योजना को भी असफल घोषित किया है। बी आई एफ आर ने पुनरूद्धार के लिए पूरी तरह से व्यवस्थित किसी प्रस्ताव के अभाव में कंपनी के परिसमापन हेतु एक कारण बताओ नोटिस जारी किया। बी आई एफ आर ने 8.7.2002 को हुई सुनवाई में प्रचालन एजेंसी को अन्य बातों के साथ-साथ धारा 18 (ii) के तहत या बैगर किसी देयता के धारा 18 (2) (i) के तहत कंपनी की परिसम्पत्तियों की बिक्री हेतु पेशकश आमंत्रि त करते हुए विज्ञापन जारी करने का निदेश दिया था। प्रचालन एजेंसी (आई डी बी आई) द्वारा यह विज्ञापन जारी किया गया था और 13 नवम्बर, 2002 को संयुक्त बैठक हुई थी।

6.8 यह ध्यान में रखते हुए कि कंपनी के पुनर्वास के लिए कोई व्यवहार्य प्रस्ताव नहीं आया है, बी आई एफ आर ने 8 अप्रैल 2003 के अपने आदेश में यह धारणा बनाई कि रूग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 की व्यवस्थाओं के तहत कंपनी का परिसमापन लोक हित में होगा। कंपनी में वी एस एस लागू करने संबंधी आई डी पी एल का एक प्रस्ताव विचाराधीन है।

कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (के ए पी एल)

6.9 यह कर्नाटक स्टेट इंडस्ट्रियल एंड डेवलेपमेंट कारपोरेशन (के एस आई आई डी सी) के सहयोग से हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें एचएएल की 59 प्रतिशत तथा शेष के एस आई आई डी सी की इक्विटी भागीदारी है। यह कंपनी 13 मार्च, 1981 को निगमित की गयी थी तथा इसमें वाणिज्यिक उत्पादन अगस्त, 1984 में शुरू हुआ था। इसकी विनिर्माण इकाई तथा पंजीकृत कार्यालय बंगलौर (कर्नाटक) में है। इसके मुख्य उत्पाद औषधीय सूत्रायोग जैसे टैबलेट्स, कैप्सूल्स, इंजेक्शन आदि हैं। अपनी स्थापना के प्रथम वर्ष से ही केएपीएल लाभ अर्जित करता रहा है तथा एक एम.ओ.यू. साईन करने वाली कंपनी है। विनिवेश आयोग ने अपनी 18 वीं रिपोर्ट में संस्तुति की है कि यदि आवश्यक हो, के ए पी एल की सारी इक्विटी का राज्य सरकार के शेयर सहित, किसी सामरिक क्रेता को विनिवेश कर दिया जाए। विनिवेश मंत्र ालय ने इस संस्तुति को स्वीकार कर लिया है।

महाराष्ट्र एंटीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (एम ए पी एल)

6.10 यह महाराष्ट्र राज्य औद्योगिक निगम (एस आई सी ओ एम) के सहयोग से हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें एचएएल की इक्विटी भागीदारी 52 प्रतिशत तथा एस आई सी ओ एम की 38 प्रतिशत और आई डी बी आई की 10 प्रतिशत है। इस कंपनी को नवम्बर, 1979 को निगमित किया गया था तथा इसमें वाणिज्यिक उत्पादन मई, 1981 में शुरू हुआ था। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय तथा फैक्टरी नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित है।

6.11 बी आई एफ आर ने 14.1.97 को औपचारिक रूप से एमएपीएल को रूग्ण घोषित किया। बी आई एफ आर ने मामले की समय-समय पर सुनवाई की। 4.7.2000 को हुई सुनवाई में बी आई एफ आर ने एस आई सी ए, 1985 की धारा 20 (1) के तहत कंपनी को बंद करने हेतु निदेश दिए। भारत सरकार ने बी आई एफ आर के प्रस्ताव से सहमत होने का निर्णय लिया है।

6.12 मुम्बई हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के आदेशानुसार सरकार ने एम ए पी एल में वी एस एस लागू किया है तथा आई.डी अधिनियम के तहत कंपनी के परिसमापन के लिए कार्रवाई की जा रही है। तदनुरूप, एम ए पी एल में वी एस एस लागू किया गया है और अधिकांश कर्मचारी विमुक्त किए जा चुके हैं।

मणिपुर स्टेट ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (एमएसडीपीएल)

6.13 यह मणिपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एम ए एन आई डी ओ) के सहयोग से हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड द्वारा संवर्धित संयुक्त क्षेत्रा का उपक्रम है। इसमें 51 प्रतिशत एचएएल की तथा शेष एमएएनआईडीओ की पूंजी भागीदारी है। इस कंपनी को 18 जुलाई, 1989 को निगमित किया गया था। विनिर्माण इकाई तथा पंजीकृत कार्यालय इम्फाल, मणिपुर में स्थित है।

6.14 समय और लागत की अधिकता के कारण यह परियोजना पूरी नहीं की जा सकी। अगस्त, 1997 में यह निर्णय लिया गया था कि परियोजना को व्यवहार्य बनाने के लिए आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए किसी पेशेवर परामर्शदाता की रिपोर्ट प्राप्त की जाए। परामर्शदाता, नामत: मे० बिजनेस होरीजन की अंतिम रिपोर्ट मई, 1999 में प्राप्त हुई थी।

